क्वींसलैंड के लिए हमारी योजनाएं

क्वींसलैंड राज्य का चुनाव शनिवार 26 अक्टूबर 2024 को है।

आम क्वींसलैंडवासियों के लिए थोड़ा अधिक, बड़े कारपोरेट के लिए थोड़ा कम।

हर रोज ऐसा महसूस होता है कि जीवन कठिन होता जा रहा है,

जबकि लेबर और एलएनपी कॉर्पोरेट मुनाफ़े को आम लोगों से आगे रखते हैं।

ग्रीन्स **10** सीटें तक जीतने और दो-दलीय प्रणाली को हमेशा के लिए तोड़ने के लिए यतनशील हैं।

वास्तविक परिवर्तन किसी ऐसे व्यक्ति के निर्वाचन से शुरू होता है जो आपके लिए लड़ेगा और आप जिस पर विश्वास करते हैं।

आवास संकट को ठीक करना

साल के लिए किराए पर रोक लगाना किराए में लगातार बढ़ोतरी की सीमा तय करके और किराएदारों को पट्टे के नवीनीकरण का गारंटीशुदा अधिकार देना। किराएदारों और पहले घर खरीदने वालों के लिए सस्ते दामों पर 100,000 अच्छी तरह से डिजाइन किए गए सार्वजनिक घर बनाना।

जलवायु परिवर्तन से निपटना

सत्ता में आने के बाद से, क्वींसलैंड लेबर ने 38 नई कोयला खदानों को मंज़ूरी दी है, और लेबर और एलएनपी दोनों 37 और खोलना चाहते हैं। हम नई कोयला और गैस खदानें बंद करेंगे, 2030 तक 100% सार्वजनिक नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करेंगे और हरित विनिर्माण में नए उद्योग स्थापित करेंगे।

सभ के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा,

200 निःशुल्क जीपी क्लीनिक बनाने ताकि हर कोई निःशुल्क डॉक्टर को मिल सके। सार्वजनिक अस्पतालों में उचित निवेश करके वैकल्पिक सर्जरी प्रतीक्षा सूची को साफ़ करना और आपातकालीन विभागों को ठीक करना।

सस्ता किराने का सामान

30 बुनियादी आवश्यक वस्तुओं की कीमत सीमित करना। कोल्स और वूलीज़ के एकाधिकार को तोड़ना और कॉर्पोरेट मूल्य वृद्धि को रोकना।

पूर्णतः वित्त पोषित एवं निःशुल्क शिक्षा

चाइल्डकेअर, किंडी, पब्लिक स्कूलों और टीफ को वास्तव में मुफ्त और अच्छी तरह से वित्त पोषित करना जिसमें पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के भ्रमण और लैपटॉप की लागत भी शामिल है।

सार्वजनिक स्वामित्व एवं नियंत्रण वापस लेना

लेबर और एलएनपी ने आवश्यक सेवाओं और बंदरगाहों, हवाई अड्डों, रेलवे और ऊर्जा जैसी प्रमुख बुनियादी सुविधाओं का निजीकरण कर दिया है। अब आवश्यक सेवाओं पर सार्वजनिक स्वामित्व के साथ हमारी अर्थव्यवस्था का नियंत्रण वापस लेने का समय आ गया है।

बड़े निगमों को उनके उचित हिस्से का भुगतान करवाना

कोयले और गैस, बड़े डेवलपर्स और बड़े बैंकों पर उचित कर लगाकर सभी क्वींसलैंडवासियों के लिए बेहतर जीवन का वित्तपोषण करना।

This material has been generously translated from our website content by supporters and volunteers and while every effort has been made to stay true to the intent of the messaging there may be room for improvement. If you wish to give feedback regarding the content please email us at translations@qld.greens.org.au

Authorised by K Carra for The Greens, 47 Park Road, Milton, 4064 - AN 2024/0814